पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून शुक्रवार 24 जुलाई 2020 पेज 8



पत्रकार वार्ता के दौरान यूकेडी के संरक्षक त्रिवेंद्र सिंह पंवार।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**संवाददाता** देहरादून। कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत गढ़ी कैंट में बीती देर रात एक नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब सुबह परिजनों को पता चला तो आनन–फानन में पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। हालांकि इस दौरान पुलिस को कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला। वहीं पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कैंट क्षेत्र निवासी 14 वर्षीय लड़की आठवीं की छात्रा बताई जा रही है। उसके पिता बैंक में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं।

### बद्री–केदार फाउंडेशन ने अपना यू–टयूब चैनल ''गढ़ गौरव प्रोडक्शन'' लांच

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन की दिशा में कार्यरत ''श्री बद्री–केदार फाउंडेशन'' ने आज अपना यू–टयूब चौनल ''गढ़ गौरव प्रोडक्शन'' लांच कर दिया। संस्था ने मां भगवती कूर्मासेंण की स्तुति पर आधारित भक्ति–गीत (भजन) का वीडियो जारी करते हुए ''गढ़ गौरव प्रोडक्शन'' नामक इस यू–टयूब चौनल की विधिवत लांचिंग की। युवा गीतकार व गायक योगेश सकलानी द्वारा रचित इस भक्ति–गीत को स्वयं योगेश ने अपने मधुर आवाज से सजाया है, जबकि उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध संगीतकार रणजीत सिंह ने इसे संगीतबद्व किया है।

### होम स्टे संचालकों ने विधायक से मांगी आर्थिक मदद

**संवाददाता** देहरादून। होम स्टे एसोसिएशन ने मसूरी विधायक गणेश जोशी को अपनी 7 सूत्रीय मांग का पत्र सौंपा। मांग पत्र में मसूरी और आस–पास के क्षेत्रों के होम स्टे संचालकों की मदद करने की गुहार लगाई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष देवी गोदियाल ने मसूरी विधायक गणेश जोशी से मुलाकात कर अपनी मांगों को सामने रखा। विधायक ने उन्हें मांग पूरी होने का आश्वासन दिया है।

### हंगामा प्ले ने नया ऑरिजिनल शो रात्रि के यात्रीश लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। हंगामा डिजिटल मीडिया के स्वामित्व वाले देश के प्रमुख वीडियो ऑन डिमांड प्लेटफॉर्म, हंगामा प्ले ने आज एक नए ऑरिजिनल शो श्रात्रि के यात्रीश को लॉन्च किया। यह शो 5 अलग–अलग कहानियों का संकलन है और इस शो की सभी कहानियाँ रेड लाइट एरिया में आधारित हैं जो बेहद दिलचस्प और उत्तेजक हैं। इस शो में टीवी उद्योग जगत के अनेक दिग्गज कलाकारों ने प्रमुख भूमिकाएँ निभाई है।

# सीएम ने किया ऋषिकेश रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**निरीक्षण**

■ 7.5 एमएलडी के मल्टीपर्पज सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी किया औचक निरीक्षण

■ मुख्यमंत्री ने रेलवे स्टेशन पर पौधारोपण भी किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरूवार को ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना के अन्तर्गत बने ऋषिकेश रेलवे स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर पौधारोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने रेल विकास निगम लि. के अधिकारियों से रेलवे स्टेशन में अवस्थापना सुविधाओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग नगरी ऋषिकेश में बने इस रेलवे स्टेशन को आधुनिक स्वरूप दिया गया है। रेलवे स्टेशन के निर्माण में पर्यावरणीय अनुकूलन का विशेष ध्यान रखा गया है। बुजुर्गों व दिव्यागों के हिसाब से अलग से यूटिलिटी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि



ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना के अन्तर्गत बने ऋषिकेश रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते सीएम।

ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाईन का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद प्रदेशवासियों को आवागमन की सुविधा तो होगी ही, साथ ही श्री बद्रीनाथ एवं श्री केदारनाथ आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को भी काफी सुविधा होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अवस्थापना विकास के क्षेत्र में उत्तराखण्ड को कई सौगातें दी हैं। ऑल वेदर रोड, हवाई कनेक्टिविटी एवं रेल लाईनों के निर्माण से उत्तराखण्ड में आवागमन की सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। डोईवाला–उत्तरकाशी रेल लाईन बनने के बाद उत्तराखण्ड के चारों धाम रेल कनेक्टिविटी से जुड़ जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के बाद चन्द्रेश्वर नगर, ऋषिकेश में बन रहे 7.5 एमएलडी के मल्टीपर्पज सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण भी किया। यह एसटीपी नमामि गंगे योजना के तहत उत्तराखण्ड पेयजल निगम द्वारा बनाया गया है। 12 करोड़ रूपये की लागत के इस एसटीपी से चन्द्रेश्वर नाला, ढ़ालवाला नाला एवं श्मशान घाट नाला को टेप करने के बाद शोधन किया जा रहा है। शोधित जल की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होने पर गंगा नदी में छोड़ा जा रहा है। यह भारत का पहला एसटीपी है, जिसे बहुमंजिला ईमारत के रूप में तैयार किया गया है। इसकी ऊंचाई 21 मीटर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा कि निर्मलता एवं अविरलता बनाये रखने के लिए नमामि गंगे के तहत प्रदेश में विभिन्न जगहों पर एसटीपी बनाये जा रहे हैं। गंगा की निर्मलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी प्रयासों से नमामि गंगे के तहत देशभर में अनेक कार्य हो रहे हैं। एसटीपी से शोधित जल का सिंचाई के लिए भी उपयोग किया जायेगा।

इस अवसर पर विस अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल, मेयर ऋषिकेश अनीता मंमगाई, अपर सचिव पेयजल उदयराज एवं रेल विकास निगम लि. के अधिकारी उपस्थित रहे।

### उत्तराखंड विधानसभा भवन देहरादून में लगेगा 100 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रदेशवासियों को तिरंगा अंगीकार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विधानसभा भवन देहरादून में 100 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा लगाने की घोषणा की है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है कि 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने तिरंगे को राष्ट्र ध्वज के रूप में मान्यता दी थी। श्री अग्रवाल ने कहा कि हमारे गर्व, शक्ति एवं गौरव का प्रतीक हमारा राष्ट्रीय ध्वज शांति, समृद्धि और सदैव विकास के पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देता है। अग्रवाल ने कहा है कि जल्द ही विधानसभा परिसर, देहरादून में देश की आजादी एवं उसकी आन बान और शान का प्रतीक 100 फीट ऊंचा 20 फीट चौड़ा और 30 फीट लंबा तिरंगा झंडा लहराया जाएगा। राष्ट्र के प्रति सम्मान और देश भक्ति की भावना को जाग्रत करने के उद्देश्य से तिरंगा को लगाए जाने का निर्णय लिया गया है।तिरंगा झंडा लग जाने के बाद इसे देख आते–जाते लोग खुद को गौरान्वित महसूस करेंगे। उन्होंने कहा है कि तिरंगे झंडे को परिसर में उचित स्थान पर लगाया जाएगा। इसके साथ ही झंडे के लिए फोकस्ड लाइट्स भी लगाई जाएंगी।

# सेवा कार्यों का डिजिटल बुक में दस्तावेजीकरण शुरू

**कार्यशाला**

■ कोरोना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जान जोखिम में डाल कर जनता की सेवा की: भगत

देहरादून। **संवाददाता**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने कहा कि वैश्विक महामारी से पूरा देश व दुनिया जूझ रही है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी जान को जोखिम में डालकर जरूरतमंदों की सेवा के लिए आगे आ कर ऐतिहासिक कार्य किये। जिनका डिजिटल बुक में दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। भगत आज भाजपा सेवा ही संगठन डिजिटल बुक निर्माण हेतु



वर्चुवल कार्यशाला में मंचासीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत व अन्य।

प्रदेश भाजपा कार्यालय से आयोजित प्रदेश स्तरीय वर्चुवल कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मार्ग दर्शन में कोरोना काल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जो सेवा की है उसकी चर्चा व सराहना दुनिया में हो रही है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के इस आह्वान कि कोई व भूखा नहीं सोएगा को पूरा किया। साथ ही कोरोना से बचाव के लिए आवश्यक वस्तुयें लोगों को निस्वार्थ भाव से उपलब्ध कराई। इस ऐतिहासिक कार्य का डिजिटल बुक में दस्तावेज तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने कहा कि पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अपने जीवन की प्रवाह किये बगैर जरूरतमंदों की सेवा के ऐतिहासिक कार्य किये गए है। जिनका डेटा संकलित कर डिजिटल बुक बनाने की योजना केंद्रीय नेतृत्व ने बनाई है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी सेवा ही संगठन उदाहरण प्रस्तुत कर कोरोना काल मे जनसेवा में बढ़चढ़ कर भाग लिया है। जिसका मंडल ,जिला व प्रदेश स्तर पर संकलन कर डिजिटल बुक तैयार करने के लिए सभी मंडल व जिला सयोजकों से आहवान किया गया है।

### वादकारियों को व्यक्तिगत रुप से आयोग कार्यालय में उपस्थित होने की जरूरत नहीं

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग देहरादून में कोविड–19 के दृष्टिगत रखते हुए पूर्व से निर्धारित प्रतिवादों की सुनवाई हेतु 27 जुलाई से 7 अगस्त तक वादकारियों को व्यक्तिगत रुप से आयोग कार्यालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासनिक अधिकारी, उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग हरीश चंद्र पांडेय ने बताया कि वादकारी अपना प्रति उत्तर डाक, ई–मेल व फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग देहरादून में कोविड–19 के दृष्टिगत रखते हुए पूर्व से निर्धारित प्रतिवादों की सुनवाई हेतु 27 जुलाई से 7 अगस्त तक वादकारियों को व्यक्तिगत रुप से आयोग कार्यालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। यह जानकारी देते हुए प्रशासनिक अधिकारी, उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग, हरीश चंद्र पांडेय ने बताया कि वादकारी अपना प्रति उत्तर डाक, ई–मेल व फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।